राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक–923 / 241 / NULM / तीन / 2001(SM&ID)-II दिनांक– 7-12-16

सेवा में,

1. **समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
2. **समस्त सिटी प्रोजेक्ट आफिसर / परियोजना निदेशक,**
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा उ0प्र0।

विषय : दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत एस0एच0जी0 गठन एवं हैण्डहोल्डिंग सपोर्ट के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपयुक्त विषयक अवगत कराना है कि विगत दो वर्षो से शहरों में एस0एच0जी0 गठन का कार्य इम्पैनल्ड संदर्भ संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है। कतिपय शहरों में संतोषजनक कार्य न होने के कारण शहरों की संस्तुति पर संदर्भ संस्थाओं का कार्यादेश निरस्त किया गया है, प्रथम वर्ष में कार्य करने के उपरान्त द्वितीय वर्ष शहर विशेष में लक्ष्यों का आवंटन नहीं किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिन शहरों में संदर्भ संस्थाओं का कार्य सन्तोषजनक न होने के कारण संदर्भ संस्था विशेष का कार्यादेश निरस्त किया गया हो / वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्यों का आवंटन न किया गया हो अथवा भविष्य में कार्यादेश निरस्त किये जाने / कराये जाने पर सम्बन्धित संस्थाओं को उक्त कार्यो के सापेक्ष भुगतान नहीं किया जायेगा। उक्त संस्था द्वारा गठित एस0एच0जी0 को हैण्डहोल्डिंग सपोर्ट वर्तमान में कार्यरत संदर्भ संस्था के माध्यम से कराया जाना है। संदर्भ संस्था न होने पर सी0एम0एम0यू0, डूडा द्वारा किया जायेगा। विगत में गठित समूहों को हैण्डहोल्डिंग सपोर्ट हेतु वर्तमान में कार्यरत संदर्भ संस्था के प्रगति के आधार पर कार्य देने हेतु पूर्व में मासिक बैठकों में दिये गये निर्देशों के क्रम में सम्बन्धित संस्था से सहमति पत्र लेकर तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध करायें। उक्त प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से उन एस0एच0जी0 गठन के लक्ष्य के सापेक्ष एस0एच0जी0 गठन की संख्या एवं उक्त संस्था को किये गये भुगतान का विवरण भी प्रस्तुत किया जायेगा ताकि प्रस्तावित सम्बन्धित संदर्भ संस्था को उक्त समूहों के सापेक्ष अवशेष धनराशि को अवशेष समय के हैण्डहोल्डिंग सपोर्ट / विभिन्न कार्यो को पूर्ण कर एस0एच0जी0 को निर्धारित दो वर्षो तक (पूर्व के सपोर्ट सहित) नियमित सपोर्ट एवं पंच सूत्र के शत–प्रतिशत अनुपालन के साथ स्थायित्व प्रदान करने हेतु कार्यादेश निर्गत किया जा सके।

अतः आप से अनुरोध है कि पूर्व के गठित एस0एच0जी0 के हैण्डहोल्डिंग सपोर्ट हेतु तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. परियोजना अधिकारी / सहा0 परियोजना अधिकारी / शहर मिशन प्रबन्धक, सामाजिक विकास एवं अवस्थापना डूडा, उ0प्र0।
3. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा उ0प्र0 की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक